कार्यालय–छात्र कल्याण अधिष्ठाता
(चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ)

पत्रांकः DSW/
दिनांकः 04.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों, सर्टिफिकेट व डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में सत्र 2026–27 में प्रवेश हेतु आनॅलाईन पंजीकरण दिनांक 05.05.2026 को अपराह्न से प्रारम्भ होंगे। उक्त के सम्बन्ध में सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2026–27 में विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश आनॅलाईन पंजीकरण एवं प्रवेश समर्थ पोटर्ल के माध्यम से किए जाऐंगें। जिसके लिए समस्त पाठ्यक्रम समर्थ पोटर्ल पर लाईव किए जा चुके है।

अतः जिन अभ्यर्थियों को विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों/संस्थानों में संचालित पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आनॅलाईन पंजीकरण कराना है उन अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वह अपना आनॅलाईन पंजीकरण विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.ccsuniversity.ac.in पर जाकर **Admission 2026-27** पर क्लिक करके करा सकते है।

प्रवेश पंजीकरण के लिए अभ्यर्थी द्वारा रू 130/– का पंजीकरण शुल्क Online Payment Gateway के माध्यम से किया जाऐगा। प्रार्थी एक ही पंजीकरण शुल्क से अधिक्तम तीन पाठ्यक्रम/कॉलेज/विश्वविद्यालय परिसर विभाग का चयन कर सकता है। अभ्यर्थी पहले एक पाठ्यक्रम/कालेज/परिसर विभाग का चयन कर पंजीकरण शुल्क जमा करेगा और फिर अभ्यर्थी उसी पंजीकरण शुल्क पर अन्य दो पाठ्यक्रम/कालेज/परिसर विभाग का चयन कर सकता है। अभ्यर्थी विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालय हेतु एक साथ आवेदन कर सकता है। समर्थ पोर्टल पर ऑनलाईन प्रवेश पंजीकरण करने हेतु step by step procedure प्रवेश पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। अतः अभ्यर्थी पंजीकरण करने हेतु उक्त का संज्ञान ले सकता है।

इसी के साथ यह भी सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक सत्र 2026–27 में विश्वविद्यालय परिसर विभाग एवं सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, विश्वविद्यालय द्वारा घोषित समय अवधि में अपने यहाँ पाठ्यक्रमवार पंजीकृत अर्ह अभ्यर्थियों की वरीयता सूची एवं प्रतीक्षा सूची विश्वविद्यालय के आरक्षण नियमानुसार तैयार कर प्रवेश करेंगे।

सम्बन्धित महाविद्यालय अपने स्तर से यह भी सुनिश्चित करेंगे कि सम्बंधित पाठ्यक्रम में महाविद्यालय को सत्र 2026–27 में सम्बद्धता प्राप्त है। अन्यथा की स्थिति में लिए गए प्रवेश मान्य नहीं होंगे और इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का होगा। यहा यह भी सूचित किया जाता है कि महाविद्यालय/संस्थान समर्थ पोर्टल पर उनके यहां संचालित पाठ्यक्रमों की स्वीकृत सीटों का भी अवलोकन कर लें। अगर किसी पाठ्यक्रम की स्वीकृत सीटों में कोई त्रुटि है तो तुरन्त विश्वविद्यालय को पत्र लिखकर सूचित करना सुनिश्चित करें।

04/5/26
प्रवेश समन्वयक/
छात्र कल्याण अधिष्ठाता

Scanned with OKEN Scanner